# सरसों अनुसंधान निदेशालय सम्मानित

भास्कर न्यूज. भरतपुर

सरसों अनुसंधान निदेशालय को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए राजभाषा संस्थान नई दिल्ली द्वारा कार्यालय दीप एवं निदेशालय द्वारा प्रकाशित हिन्दी वार्षिक पत्रिका सिद्धार्थ सरसों संदेश को कार्यालय दर्पण पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। जनसंपर्क अधिकारी अशोक कुमार शर्मा ने बताया कि राजभाषा संस्थान द्वारा यह पुरस्कार हिमाचल प्रदेश के सोंलन में आयोजित 74 हीरक जयंती हिन्दी कार्यशाला में निशिकांत महाजन पूर्व सचिव राजभाषा विभाग

भारत सरकार की उपस्थिति में दिया गया। उन्होंने बताया कि एक वैज्ञानिक संस्था होने के बावजूद निदेशालय द्वारा हिन्दी में किए जा रहे कार्यों की सराहना की गई। इस अवसर पर राजभाषा प्रभारी एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक [illegible] कुमार, तकनीकी अधिकारी उदय सिंह राणा, राजभाषा प्रकोष्ठ एवं सहायक



भरतपुर. उत्कृष्ट कार्य के लिए सरसों अनुसंधान निदेशालय को किया सम्मानित।

प्रशासनिक अधिकारी जवाहर लाल शर्मा ने इस आयोजित कार्यशाला में भाग लेकर पुरस्कार ग्रहण किए। डॉ. विनोद कुमार द्वारा प्रस्तुत आलेख को भी इस कार्यशाला में तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। निदेशालय की इस उपलब्धि पर निदेशक डॉ. जितेन्द्र सिंह चौहान ने हर्ष जताया।

दैनिक भास्कर 5 मई 2013

## सरसों अनुसंधान निदेशालय सम्मानित

भरतपुर, (देवेन्द्र सिंह): राजभाषा संस्थान द्वारा हिमाचल प्रदेश के सोलन में आयोजित की गई 74वीं हीरक जयंती हिन्दी कार्यशाला के दौरान भरतपुर के सरसों अनुसंधान निदेशालय को हिन्दी में उत्कृष्ट कार्य करने के लिये राजभाषा संस्थान नई दिल्ली द्वारा सम्मानित किया। इस कार्यशाला के दौरान निदेशालय द्वारा प्रकाशित हिन्दी वार्षिक पत्रिका सिद्धार्थ सरसों संदेश को कार्यालय दर्पण पुरस्कार से सम्मानित किया। इस सम्मान को भारत सरकार के राजभाषा विभाग के पूर्व सचिव निशीकांत महाजन द्वारा दिया गया। इस पुरस्कार को निदेशालय के राजभाषा प्रभारी एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. विनोद कुमार, तकनीकी अधिकारी उदयसिंह, राजभाषा प्रकोष्ठ एवं सहायक प्रशासनिक अधिकारी जवाहर लाल शर्मा द्वारा ग्रहण किया गया। इसके अलावा कार्यशाला में डॉ. विनोद कुमार द्वारा प्रस्तुत आलेख को भी तृतीय पुरस्कार दिया गया।

पंजाब केसरी 5 मई 2013

# सरसों अनुसंधान निदेशालय सम्मानित



दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित प्राप्त करते सरसों अनुसंधान निदेशालय के वैज्ञानिक।

**भरतपुर.** राजभाषा संस्थान दिल्ली की ओर से हिन्दी में उत्कृष्ट कार्य करने पर सरसों अनुसंधान निदेशालय को सम्मानित किया गया है। संस्थान की ओर से यह पुरस्कार हिमाचल प्रदेश के सोनल में आयोजित हीरक जयंती हिन्दी कार्यशाला में पूर्व सचिव निशिकांत महाजन की मौजूदगी में दिया गया। इस अवसर पर उन्होंने वैज्ञानिक संस्थान होने के बावजूद निदेशालय की ओर से हिन्दी में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। यह पुरस्कार निदेशालय के राजभाषा प्रभारी डॉ. विनोद कुमार, तकनीकी अधिकारी उदयसिंह राणा, सहायक प्रशासनिक अधिकारी जवाहरलाल शर्मा ने ग्रहण किया। निदेशालय की इस उपलब्धि पर निदेशक डॉ. जितेन्द्र सिंह चौहान ने हर्ष जताया है।

राजस्थान पत्रिका 5 मई 2013

# सरसों अनुसंधान निदेशालय सम्मानित

न्यूज सर्विस

भरतपुर, 4 मई। राजभाषा संस्थान द्वारा हिमाचल प्रदेश के सोलन में आयोजित की गई 74वीं हीरक जयंती हिन्दी कार्यशाला के दौरान भरतपुर के सरसों अनुसंधान निदेशालय को हिन्दी में उत्कृष्ट कार्य करने के लिये राजभाषा संस्थान नई दिल्ली द्वारा सम्मानित किया गया। इस कार्यशाला के दौरान निदेशालय द्वारा प्रकाशित हिन्दी वार्षिक पत्रिका सिद्धार्थः सरसों संदेश को कार्यालय दर्पण पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

इस सम्मान को भारत सरकार के राजभाषा विभाग के पूर्व सचिव निशीकांत महाजन द्वारा दिया गया। इस पुरस्कार को निदेशालय के राजभाषा प्रभारी एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. विनोदकुमार, तकनीकी अधिकारी उदयसिंह, राजभाषा प्रकोष्ठ एवं सहायक प्रशासनिक अधिकारी जवाहरलाल शर्मा द्वारा ग्रहण किया गया। इसके अलावा कार्यशाला में डॉ. विनोदकुमार द्वारा प्रस्तुत आलेख को भी तृतीय पुरस्कार दिया गया।

दैनिक नवज्योति 5 मई 2013

# सरसों अनुसंधान कार्यालय दर्पण पुरस्कार से सम्मानित

भरतपुर 4 मई (निस)। सरसों अनुसंधान निदेशालय को हिन्दी में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए राजभाषा संस्थान नई दिल्ली द्वारा कार्यालय दीप एवं निदेशालय द्वारा प्रकाशित हिन्दी वार्षिक सिद्धार्थ सरसों संदेश कार्यालय दर्पण पुरूस्कार से सम्मानित किया गया।

राजभाषा संस्थान द्वारा यह पुरुस्कार हिमाचल प्रदेश के सोलन में आयोजित 74वीं हीरक जयंती हिन्दी कार्यशाला में निशिकान्त महाजन, पूर्व सचिव, राजभाषा विभाग, भारत सरकार की उपस्थिति में दिया गया। एक वैज्ञानिक संस्थान होने के बावजूद निदेशालय द्वारा हिन्दी में किये जा रहे कार्यों की सराहना की गई, इस अवसर पर निदेशालय के राजभाषा प्रभारी एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. विनोद कुमार, तकनीकी अधिकारी उदयसिंह राणा, राजभाषा प्रकोष्ठ एवं सहायक प्रशासनिक अधिकारी जवाहर लाल शर्मा ने इस कार्यशाला में भाग लिया एवं पुरस्कार ग्रहण किये। डा. विनोद कुमार द्वारा प्रस्तुत आलेख को भी इस कार्याशाला में तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। निदेशालय की इस उपलब्धि पर निदेशक डा. जितेन्द्रसिंह चौहान ने हर्ष जताया एवं राजभाषा प्रकोष्ठ को बधाई दी।

राष्ट्रदूत 5 मई 2013

# सरसों अनुसंधान निदेशालय सम्मानित

भरतपुर। हिंदी में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सरसों अनुसंधान निदेशालय भरतपुर को सम्मानित किया गया है।

राजभाषा संस्थान नई दिल्ली द्वारा दीप और निदेशालय की प्रकाशित हिंदी वार्षिक पत्रिका सिद्धार्थ द्वारा निदेशालय को कार्यालय दर्पण पुरस्कार से सम्मानित किया गया। राजभाषा संस्थान द्वारा यह पुरस्कार हिमाचल प्रदेश के सोलन में आयोजित 74वीं हीरक जयंती कार्यशाला के दौरान पूर्व सचिव निशीकांत महाजन की उपस्थिति में दिया गया। कार्यक्रम में निदेशालय के राजभाषा प्रभारी और वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. विनोद कुमार, तकनीकी अधिकारी उदय सिंह राणा, भाजपा प्रकोष्ठ और सहायक प्रशासनिक अधिकारी जवाहरलाल शर्मा ने कार्यशाला में यह पुरस्कार प्राप्त किया। इस अवसर पर डॉ. विनोद कुमार द्वारा प्रस्तुत आलेख को भी कार्यशाला में तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। निदेशालय की इस उपलब्धि पर निदेशक डॉ. जितेन्द्र सिंह ने हर्ष जताया और राजभाषा प्रकोष्ठ के अधिकारियों को इसके लिए बधाई दी।

समर उजाला 5 मई 2013